उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3

संख्या-548/2025/595के-2/22-3-2025-17(170)/24

लखनऊ : दिनांक: 25 नवम्बर, 2025

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, 'भारत का संविधान' के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए शासनादेश संख्या-564/2018/1106/22-2-2018-07जी/2018, दिनांक 01 अगस्त, 2018 एवं सपठित संशोधन विषयक शासनादेश संख्या-120/2021/1382/22-2-2021-07जी/2018, दिनांक 28.07.2021 व शासनादेश संख्या-52/2022/1240/22-2-2022-07जी0/ 2018, दिनांक 27.05.2022 के प्रस्तर-1 एवं 2(ग) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत गणतंत्र दिवस (26 जनवरी, 2024) के अवसर पर केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रामप्रकाश (बन्दी संख्या-49611) पुत्र श्री ढाकन सिंह, निवासी अढ़ौरा, थाना-महोली, जनपद-सीतापुर, जिन्हें सत्र परीक्षण सं0-328/1981 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 307/34 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, अपर सत्र न्यायाधीश-सप्तम, सीतापुर के आदेश दिनांक 30.04.1982 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया तथा अपील मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्डपीठ के आदेश दिनांक 06-02-2019 द्वारा निर्णीत करते हुए उक्त दण्ड को यथावत रखा गया, द्वारा मेडिकल बोर्ड की संस्तुतिनुसार Any other terminal disease & Old age debility & disability की बीमारी से ग्रसित है तथा समयपूर्व रिहा किये जाने की संस्तुति की गई है व जेल आचरण संतोषजनक है, की शेष सजा का परिहार करते हैं तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बन्दी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में विधि सम्मत आचरण एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रूपये 50,000/-(रूपये पचास हजार मात्र) से अनधिक धनराशि का एक निजी मुचलका अपने सम्बन्धित कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक को प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

कमलेश कुमार
उप सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
4- जिला मजिस्ट्रेट, सीतापुर।
5- पुलिस अधीक्षक, सीतापुर।
6- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।
7- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अनीस अख्तर अंसारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in